**पोलैंड में रॉक्लॉ विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान का अध्ययन क्यों?**

रॉक्लॉ विश्वविद्यालय (UWr) आधुनिकता के साथ परंपरा को जोड़ता है और अनुसंधान और अध्ययन के लिए सहायक वातावरण का निर्माण करता है। रॉक्लॉ विश्वविद्यालय मध्य यूरोप के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। 2019 में यह "उत्कृष्टता पहल - अनुसंधान विश्वविद्यालय" प्रतियोगिता का विजेता था।

रॉक्लॉ विश्वविद्यालय में पूरे शहर में फैले कई आधुनिक परिसर और ओडर नदी के किनारे स्थित विश्वविद्यालय पुस्तकालय का एक नवनिर्मित भवन शामिल है। यह पोलैंड में विदेशी छात्रों द्वारा तीसरा सबसे अधिक बार चुना गया विश्वविद्यालय है और शिक्षण गुणवत्ता के मामले में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक है।

**संख्याओं में रॉक्लॉ विश्वविद्यालय:**

- 1400 विदेशियों सहित 25 500 छात्र
- 3500 कर्मचारी, जिनमें 2000 अकादमिक शिक्षक शामिल हैं, जिनमें से 465 पूर्ण प्राध्यापक हैं
- 300 से अधिक वर्षों की परंपरा
- 11 नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने हमारे विश्वविद्यालय में अध्ययन किया था
- लगभग 300 वैज्ञानिक इकाइयाँ, 20 से अधिक प्रयोगशालाएँ और 160 कार्यशालाएँ।

**सामाजिक विज्ञान संकाय** रॉक्लॉ विश्वविद्यालय के भीतर राजनीति, समाज, अंतरराष्ट्रीय संबंधों, यूरोपीय संघ, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संचार, मीडिया और दर्शनशास्त्र में अध्ययन का एक जीवंत केंद्र है। हम राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, सामाजिक संचार, दर्शनशास्त्र, यूरोपीय अध्ययन, अर्थशास्त्र, कानून, मीडिया अध्ययन और पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों के ज्ञान का संयोजन करते हुए दस नवप्रवर्तनशील और बहु-विषयक विशिष्टताओं में अंग्रेजी भाषा के कार्यक्रमों को पेश करते हैं। आप एक स्नातक कार्यक्रम, मास्टर कार्यक्रम या डॉक्टरेट स्कूल चुन सकते हैं।

सामाजिक विज्ञान संकाय में अध्ययन आपको राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, सामाजिक परिवर्तनों, अर्थव्यवस्था और अर्थशास्त्र की समकालीन दुनिया को नियंत्रित करने वाले तंत्र का विश्लेषण करना सिखाएगा। आपको संगठन प्रबंधन, अंतर-सांस्कृतिक संचार तथा मीडिया और कूटनीति के नियमों की नींव का ज्ञान होगा।

आप कई अलग-अलग वैज्ञानिक विषयों से अनुसंधान विधियों को संयोजित करना सीखेंगे। आप अंतरराष्ट्रीय और सामाजिक क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं की आधुनिकतम जानकारी से अवगत रहेंगे, और आप उनका विश्लेषण करने और उनके प्रभावों का अनुमान लगाने में सक्षम होंगे।

हम आपके वैज्ञानिक विकास में, आपके आजीविका के मार्ग की योजना बनाने में और आपके स्वयं के हितों का पालन करने में आपका समर्थन करेंगे। आप की व्याख्याताओं के साथ व्यक्तिगत विचार-विमर्श सभा होंगी, परामर्श सत्र होंगे और आप एक नए वातावरण में स्वयं को खोजने में सहायता प्राप्त करेंगे। सामाजिक विज्ञान संकाय में अध्ययन से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक संस्थानों, सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, व्यापार, बहुराष्ट्रीय निगमों और मीडिया में कैरियर के द्वार खुलेंगे। हमारे स्नातक अत्यधिक सम्मानित विशेष जानकार, पत्रकार, विश्लेषक, विशेषज्ञ, राजनेता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करने वाले व्यवसाय सलाहकार हैं।

**रॉक्लॉ में पढ़ाई क्यों?**

सुरम्य रूप से ओडर नदी पर स्थित रॉक्लॉ, पोलैंड में रहने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। 1.9% (जनवरी 2020 तक) के निम्न स्तर पर बेरोजगारी के साथ, यह जनसंख्या की दृष्टि से पोलैंड का चौथा सबसे बड़ा शहर है। सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय निगमों की दर्जनों शाखाएँ यहाँ स्थानीय बाजार में काम करती हैं: गूगल , मैककिंसे, क्रेडिट सुइस, यूबीएस, बीएनवाई मेलॉन, आईबीएम, डेलोइट, एचपी, कैपजेमिनी, वोक्सवैगन मोटर, एलजी, और कई अन्य। इसके अलावा कई राजनयिक अभ्यावेदन और राजनीतिक संस्थाओं के कार्यालयों यहाँ है- उदाहरण के लिए यूरोपीय संसद का अभ्यावेदन और यूरोपीय आयोग का क्षेत्रीय अभ्यावेदन।

इसके अतिरिक्त, रॉक्लॉ यूरोपीय राजधानी शहरों के अन्वेषण के लिए एक बढ़िया प्रारंभिक स्थान है। यह बर्लिन, प्राग या वारसॉ से केवल लगभग 300 किमी दूर है, और इसका इनके साथ ट्रेन द्वारा उत्कृष्ट संपर्क है। इसके अलावा, समुद्र के स्तर से 1,000 मीटर ऊंची एक सुंदर पर्वत श्रृंखला सुडेट्स तक पहुंचने के लिए बस या ट्रेन से सिर्फ 1.5 घंटे का समय लगता है।

**सामाजिक विज्ञान संकाय में अध्ययन आपको क्या अवसर प्रदान करते हैं?**

आप सामाजिक विज्ञान के दायरे में 10 नवप्रवर्तनशील और बहु-विषयक विशिष्टताओं को चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आपके पास एक यूरोपीय कार्यक्रम इरास्मस + के अन्तर्गत असाधारण संभावनाओं का उपयोग करने का अवसर है। हमारे विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक विशेषता पर आप एक अंतरराष्ट्रीय आदान-प्रदान के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं और अन्य किसी यूरोपीय विश्वविद्यालय में एक सेमेस्टर बिता सकते हैं या 5 महीने की वैतनिक इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**<u>बीए - स्नातक कार्यक्रम (3 वर्ष):</u>**

**अंतर्राष्ट्रीय संबंध - वैश्विक अध्ययन बीए**

वैश्विक अध्ययन पोलिश और यूरोपीय पैमाने पर एक अनूठा कार्यक्रम है। यह वैश्वीकरण तंत्र के विश्लेषण पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य छात्रों को स्थानीय और वैश्विक परिघटनाओं के बीच अन्योन्याश्रितता को समझने के कौशल से लैस करना है। अध्ययन के कार्यक्रम में समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंध, वैश्वीकरण के इतिहास, राजनीतिक और आर्थिक भूगोल, वैश्विक पर्यावरण और ऊर्जा चुनौतियाँ, यूरोपीय एकीकरण, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, जनसांख्यिकीय चुनौतियाँ, राज्य और कानून के सिद्धांत, समकालीन महानगरों का विकास, समष्टि अर्थशास्त्र, सूक्ष्मअर्थशास्त्र, कूटनीति और कई अन्य मुद्दों के पाठ्यक्रम शामिल हैं।

## राजनीति विज्ञान बीए

राजनीति विज्ञान एक ऐसी विशेषता है जो आपको विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं का व्यापक और सुव्यवस्थित ज्ञान देगा। आप सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक सिद्धांतों को जानेंगे और यह पता लगाएंगे कि कैसे ऐतिहासिक घटनाओं ने विभिन्न अवधियों में विश्व शासन को आकार दिया। आप सार्वजनिक जीवन के सबसे महत्वपूर्ण अभिनेताओं के पदों और रणनीतियों का विश्लेषण करना और उन्हें समझना सीखेंगे और साथ ही राजनीतिक विपणन, सामाजिक संचार, कूटनीति और संगठनों के प्रबंधन के उपकरणों के बारे में जान पाएंगे। अध्ययन के तीसरे वर्ष में आप इन चार विशिष्टताओं में से एक का चयन कर सकते हैं, जिसके कारण आप चुने हुए क्षेत्र में अपने ज्ञान को गहरा करेंगे और अपने पेशेवर जीवन वृत्ति की रूपरेखा तैयार करेंगे। दी जानेवाली विशिष्टताएँ: मीडिया और राजनीति; तुलनात्मक राजनीति; वैश्विक सुरक्षा; विश्व में यूरोप।

**<u>एमए - मास्टर कार्यक्रम (2 वर्ष)</u>**

**यूरोपीय अध्ययन एमए**

यूरोपीय अध्ययन कार्यक्रम क्षेत्रीय नीति और सार्वजनिक प्रबंधन के संदर्भ में यूरोपीय संघ के कामकाज के बारे में गहन विचार पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य छात्रों को यूरोपीय समुदाय के संचालन के व्यापक ज्ञान और यूरोपीय संघ के नियमों और सार्वजनिक नीतियों का विश्लेषण करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। छात्र कार्यशालाओं, अध्ययन गोष्ठियों और विशेषज्ञों के साथ चर्चा में भाग लेते हैं।

अध्ययन कार्यक्रम में इतिहास और यूरोपीय एकीकरण सिद्धांत, यूरोपीय संघ में अंतर्राष्ट्रीय संबंध, क्षेत्रीय विकास, यूरोपीय संघ के कानून, यूरोपीय संघ के संस्थानों के कामकाज, आंतरिक सुरक्षा, विदेश और आर्थिक नीति और वर्तमान में यूरोपीय संघ द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख चुनौतियों के पाठ्यक्रम शामिल हैं। छात्र इरास्मस, आईएसईपी (ISEP) और सीईईपीयूएस (CEEPUS) कार्यक्रमों के अंतर्गत विदेश में एक सेमेस्टर बिताते हैं।

**वैश्विक संचार एमऐ**

वैश्विक संचार कार्यक्रम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सामाजिक संचार के गहन ज्ञान पर केंद्रित है। छात्र वैश्विक मीडिया, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन, मीडिया

विश्लेषण, वैश्विक व्यापार, जन संपर्क, मीडिया कानून, मानवाधिकार, सार्वजनिक कूटनीति, संकट संचार, रणनीतिक संचार, कॉर्पोरेट संचार आदि जैसे पाठ्यक्रमों में भाग लेते हैं। कुछ कक्षाओं का स्वरूप, जैसे कि रचनात्मक लेखन, विपणन पाठ्यक्रम या मीडिया विश्लेषण, बहुत व्यावहारिक है। वैश्विक संचार के विषय में अध्ययन छात्रों को मीडिया, व्यवसाय, जनसंपर्क एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय मानवीय संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार करता है।

**अंतर्राष्ट्रीय संबंध - वैश्विक अध्ययन एमए**

वैश्विक अध्ययन एक अनूठा कार्यक्रम है जो वैश्वीकरण तंत्र के विश्लेषण और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर उनके प्रभाव पर केंद्रित है। उनका उद्देश्य छात्रों को स्थानीय और वैश्विक घटनाओं के बीच अन्योन्याश्रितताओं को समझने के कौशल से लैस करना है। अध्ययन के कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय संबंध, वैश्वीकरण और क्षेत्रीयकरण, विकास अर्थशास्त्र, मानव अधिकार, अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण, अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक लेनदेन, पूर्वानुमान, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक नीति आदि के सिद्धांत पर पाठ्यक्रम शामिल हैं। छात्र कार्यशालाओं, अध्ययन गोष्ठियों और विशेषज्ञों के साथ चर्चाओं में भाग लेते हैं।

**समाजशास्त्र - अंतरसांस्कृतिक मध्यस्थता एमए**

अंतरसांस्कृतिक मध्यस्थता अध्ययन का कार्यक्रम मुख्य रूप से संस्कृति के स्थानीय, क्षेत्रीय और वैश्विक आयामों के विश्लेषण और

बहुसंस्कृतिवाद के परिणामों पर केंद्रित है। छात्र संस्कृति और बहुसंस्कृतिवाद के समाजशास्त्र, समाजशास्त्र में मुख्य प्रतिमानों, श्रम बाजारों, सामाजिक परिवर्तनों और वैश्वीकरण के समाजशास्त्र, प्रवासन प्रक्रियाओं में सांस्कृतिक कारक, राष्ट्रों, जातीय समूहों और सभ्यता के समाजशास्त्र, अंतर-सांस्कृतिक संचार, मध्यस्थता, संघर्ष प्रबंधन और कई अन्य पाठ्यक्रमों में भाग लेते हैं। कुछ कक्षाओं का स्वरुप बहुत व्यावहारिक है, उदाहरणस्वरूप, छात्र सामाजिक एकीकरण और अंतरसांस्कृतिक सहयोग से निपटने वाले स्थानीय संगठनों का दौरा करते हैं और मध्यस्थता प्रक्रियाओं में भाग लेते हैं। इसका उद्देश्य अंतरसांस्कृतिक संचार में शोधकर्ताओं और पेशेवरों, मध्यस्थों और वार्ताकारों को प्रशिक्षित करना है। यह कार्यक्रम इरास्मस मुंडस एमआईटीआरऐ (Erasmus Mundus MITRA) कार्यक्रम के सहयोग से किया जाता है।

**राजनीति विज्ञान एमए**

यह अध्ययन चार सेमेस्टर का है: एक सेमेस्टर कार्यक्रम सभी छात्रों के लिए है और तीन सेमेस्टर में विशेष विषय शामिल हैं। आप राजनीति के सिद्धांत, समाजशास्त्र और दर्शनशास्त्र, राजनीतिक मनोविज्ञान, राजनीतिक संस्थानों के इतिहास, यूरोपीय कानून, आदि तथा विशेष पाठ्यक्रमों में भाग लेंगे जो चुने गए शिक्षा पथ पर निर्भर करते हैं। इन अध्ययनों के पाठ्यक्रम में समझौता वार्ता की कला, राजनीति में निर्णय लेने, संचार और राजनीतिक अनुसंधान के तरीके के व्यावहारिक पाठ्यक्रम शामिल हैं।

दो साल के कार्यक्रम के अंतर्गत, आप निम्नलिखित विशेषताओं में से एक चुन सकते हैं: सार्वजनिक नीति; राजनीतिक संचार; लोक प्रशासन (जॉर्जियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पब्लिक अफेयर्स के साथ संयुक्त रूप से किया गया); यूरोप और कॉकसज़  में लोकतंत्र और विकास (जॉर्जियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पब्लिक अफेयर्स के साथ संयुक्त रूप से किया गया); मध्य और पूर्व यूरोपीय अध्ययन (बुकारेस्ट  में विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त रूप से किया गया)।

**पीएचडी कार्यक्रम**

सामाजिक विज्ञान संकाय एक अकादमिक कैरियर शुरू करने और दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र या राजनीतिक और प्रशासनिक विज्ञान में पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने का अवसर भी देता है। सामाजिक विज्ञान संकाय के डॉक्टरेट स्कूल में अंग्रेजी में पढ़ाया जाता है और सभी सफल आवेदकों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। और अधिक: http://phd.wns.uni.wroc.pl/en/

**मुझे बीए या एमए कार्यक्रम में अध्ययन करने के लिए क्या करने की आवश्यकता है?**

हमारे कार्यक्रम पोलिश नागरिकों और यूरोपीय संघ के नागरिकों के साथ-साथ गैर-यूरोपीय संघ के उम्मीदवारों के लिए भी खुले हैं। इनके लिए कोई आयु सीमा नहीं है।

बीए कार्यक्रम में अध्ययन करने के लिए आपको माध्यमिक विद्यालय की शिक्षा पूर्ण कर के माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र (मटुरा) प्राप्त होना चाहिए।

एमए कार्यक्रम में अध्ययन करने के लिए आपके पास स्नातक या मास्टर डिग्री होनी चाहिए।

इसके अतिरिक्त, आपको अंग्रेजी की अच्छी जानकारी होनी चाहिए (स्तर बी 2) और अपने कौशल की पुष्टि करने वाला एक प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा (आईईएलटीएस स्कोर 5.5 - 6, टीओईएफएल का स्कोर 550 या अन्य परीक्षा; यह आवश्यकता उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होती है जिन्होंने अंग्रेजी भाषा का स्नातक कार्यक्रम पूरा किया है या अंग्रेजी उनकी मूल भाषा है)।

**कृपया ध्यान दें, यह पत्रक केवल जानकारी के लिए है। हमारी पेशकश, आवश्यकताओं और शिक्षा शुल्क का पूरा विवरण निम्नलिखित वेबसाइटों पर अंग्रेजी या पोलिश में उपलब्ध है:**

www.studysocialsciences.uni.wroc.pl

https://international.uni.wroc.pl/en